तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार 30 अक्टूबर 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



11 युवा समूहों को विधायक ने सौंपी नए बसों की चाबियां





11 खड़ी ट्रक से पहिया पार करने वाला आरोपी ...









## खबर संक्षेप

### विवाह से पूर्व वर-वधू को अनापत्ति प्रमाण लेने पर की गई चर्चा



**कांकेर।** राजपूत क्षत्रिय महासभा उप समिति की सामान्य सभा की बैठक रविवार को महाराणा प्रताप मंगल भवन बरदेभाटा में हुई। बैठक में महासभा से प्राप्त निर्देशों से सदन को अवगत कराया गया। विवाह से पूर्व वर-वधू के लिए समाज से अनापत्ति प्रमाण लेने की अनिवार्यता पर जोर दिया। समाज से असंबधितों या अन्य समाज से किए जा रहे विवाह को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। बैठक में भवन रख रखाव के साथ समाज को संगठित करने के लिए भी चर्चा किया गया। बैठक में अध्यक्ष रूपेश्वर सिंह, उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, गिरीश सिंह गौतम, धीरज सिंह, रजनी राजपूत, बीपीएस राजपूत, खिलेंद्र सिंह, धनराज सिंह, भोला सिंह, रवि सिंह, डॉ. मिलाप सिंह ठाकुर व अन्य लोग उपस्थित रहें।

### पीड़ितों के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर शेष पेज 10 पर

## पर्व : सराफा, कपड़ा और आटोमोबाइल दुकानों में ज्यादा नजर आए खरीदार

# धनतेरस पर कांकेर, चारामा व भानुप्रतापपुर के बाजारों में उमड़ी भीड़ ने जमकर की खरीदारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- युवाओं ने मोबाइल में जमकर किया खर्च, हजारों बिके

पांच दिनी दीपावली पर्व के पहले दिन29 अक्टूबर को धनतेरस पर शहर के बाजार में धनवर्षा हुई। धनतेरस के मौके पर कांकेर, चारामा और भानुप्रतापपुर के बाजारों में धन और रश याने भीड़ दोनों देखने को मिली। धनतेरस पर आभूषणों के साथ-साथ नए बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है। इसी के चलते बाजारों में खूब रौनक रही। त्योहारी सीजन पर कांकेर के बाजारों में खरीदारी के लिए खासी भीड़ उमड़ी। धनतेरस के मौके पर सर्राफा बाजार में खूब रौनक देखने को मिली।

धनतेरस पर सराफा की दुकानों में बूम रहा, यहां जमकर खरीदारी हुई। सुबह 10 बजे के बाद से ही कांकेर में राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर स्थित ज्वेलरी शोरूमों में ग्राहकों की भीड़ लगी रही। खरीदारी का आलम यह रहा कि देर शाम तक कई शोरूमों में चांदी-सोने के सिक्के खत्म हो गए थे। सोने-चांदी सिक्के एवं चांदी के बर्तन बिके। सराफा बाजार में इस बार ज्यादा ही भीड़ देखने को मिली। सराफा बाजार के बाद कपड़ों की दुकानों में भी कुछ ज्यादा ही भीड़ नजर आई। कपड़ों के बाजार में इस बार उफान पर दिखा। कपड़ा व्यवसायियों का कहना था कि पिछली दीपावली से इस बार ज्यादा ही ग्राहक पहुँचे। इस मौके पर रेडीमेड कपड़ों के शोरूमों में युवाओं, बच्चों के साथ हर वर्ग के लोगों ने कपड़े खरीदते हुए नजर आएं। कपड़ों के अलावा इलेक्ट्रानिक्स एवं मोबाइल दुकानों में भी भीड़ देखने को मिली। धनतेरस पर इस बार सराफा बाजार, टेक्सटाईल व ऑटोमोबाइल बाजार पर लक्ष्मी ज्यादा मेहरबान रहीं। इस दौरान विभिन्न कंपनियों की कारें, मोटरसायकल, स्कूटी, ट्रैक्टर की डिलेवरी धनतेरस पर हुई। मुहूर्त के मुताबिक छोटी और बड़ी दीपावली पर भी डिलेवरी के लिए दो सौ से अधिक चार पहिया वाहनों की खरीददारी हुई। आटोमोबाइल के संचालकों का कहना है कि कार व दो पहिया वाहन खरीदने वालों की संख्या तेजी से बढ़ी है। इसका बड़ा कारण बैंकों से ऋण की प्रक्रिया सरल होना है। इसी का नतीजा है कि धनतेरस पर उम्मीद से अधिक गाड़ियां बिकीं।



### सराफा दुकानों पर देर रात तक डटी करते रहे खरीदारी

*सराफा बाजार के अधिकतम प्रमुख दुकानों में देर रात तक भीड़ डटी रही। ज्वेलर्स दुकानों में अधिकतम लोग चांदी के सिक्के, लक्ष्मी गणेश की मूर्तियां, सोने के आभूषण की माँग ज्यादा रही। सराफा व्यवसायियों का कहना था कि बाजार ठीक रहा, आपेक्षा से ज्यादा बाजार में उठाव देखने को मिला।*

### यातायात व्यवस्था में किया बदलाव

*कांकेर शहर में धनतेरस पर भीड़ अधिक होने के कारण यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया। शहर से निकलने वाली सवारी बसों के रूट को भी बदला गया और शहर के प्रमुख बाजारों में यातायात व्यवस्था को बढ़ाया गया। शहर से बसों पर आने-जाने के लिए प्रतिबंध कर देने से शहरवासियों ने काफी राहत महसूस किया।*



### मोबाइल शो रूम में रही भीड़

इलेक्ट्रानिक्स बाजार में लक्ष्मी मेहरबान रहीं। शोरूमों में एलईडी टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, माइक्रोवेव आदि के साथ बिजली की आकर्षक झालरें, सजावटी इलेक्ट्रानिक आइटम का कारोबार हुआ। खरीदारी के लिए दोपहर से ही शोरूमों पर ग्राहक जुटे। मोबाइल शोरूमों पर भीड़ सबसे ज्यादा रही। हर किसी ने अपनी जरूरत के हिसाब से विभिन्न कंपनियों की छोटी-बड़ी टीवी, फ्रिज आदि खरीदा तो इंडेक्शन, माइक्रोवेव, अवन, आयरन आदि घर ले गए। इन आइटमों का कारोबार करीब 17 करोड़ रुपएं जबकि अकेले मोबाइल फोन का कारोबार अच्छा रहा।

### नए बर्तन खरीदने की है परंपरा

धनतेरस पर बर्तनों की दुकानों पर ग्राहकों का रेला नजर आया। नया बर्तन खरीद कर पूजा करने की परंपरा के चलते दुकानों पर थाली, कटोरी, चम्मच, प्लेट, पैन, बर्तन स्टैंड, गैस चूल्हा आदि के साथ पूजा के बर्तन खरीदने वाले देर रात तक जुटे रहे। नॉन स्टिक बर्तन भी खूब बिके। ज्यादातर खरीदारी रोजमर्रा के इस्तेमाल में आने वाले बर्तनों की रही।

# बस्तर ओलंपिक के लिए 14 हजार युवाओं का पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- संख्या में इजाफा करने कलेक्टर ने दिए निर्देश
- समय-सीमा की बैठक में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की

साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर की अध्यक्षता में 29 अक्टूबर को आयोजित की गई। उन्होंने आगामी माह प्रस्तावित बस्तर ओलम्पिक के लिए जिले के युवक-युवतियों के पंजीयन की जानकारी लिया। मनरेगा, सामाजिक अंकेक्षण, ओडीएफ प्लस मॉडल विलेज, लखपति दीदी, जल जीवन मिशन, पीएमश्री, पोषण पुनर्वास केन्द्र, महतारी वंदन योजना सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों कों निर्देश दिए।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने आगामी 5 नवम्बर को प्रस्तावित जिला स्तरीय राज्योत्सव के आयोजन की समीक्षा करते हुए हितग्राहीमूलक योजनाओं पर आधारित स्टॉल एवं प्रदर्शनी लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ एवं राज्योत्सव के नोडल अधिकारी सुमित अग्रवाल ने बताया कि विभिन्न विभागों द्वारा 15 स्टॉल लगाए जाएंगे, जिसके लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया है। इसके अलावा कलेक्टर ने नियद नेल्लानार योजना की समीक्षा करते हुए ग्रामीणों को योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने के निर्देश दिए। इसी तरह शेष पेज 10 पर



### अधिकाधिक युवक-युवतियों को जोड़ें

*कलेक्टर ने कहा कि बस्तर ओलम्पिक में जिले से अब तक 14 हजार लोगों का पंजीयन हो चुका है तथा इसमें शामिल होने वालों की संख्या में और भी इजाफा किया जाए। उन्होने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को उनके क्षेत्र के अधिकाधिक युवक-युवतियों को जोड़ने के निर्देश दिए। विशेष तौर पर दुर्गूकोंदल, कोयलीबेड़ा के सीईओ को ऑफलाइन पंजीयन ज्यादा से ज्यादा कराने पर जोर दिया। इस अवसर पर जिले व अनुभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।*

# राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर कोदापाखा में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल

शासकीय आयुर्वेद औषधालय कोदापाखा में 29 अक्टूबर को भगवान धनवंतरी दिवस के अवसर पर वैश्विक स्वास्थ्य के लिए भगवान धन्वंतरि का पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

आयुर्वेद कुपोषण प्रबंधन पर आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि आयुर्वेद में कुपोषण को ठीक करने के लिए, आहार में बदलाव करने की सलाह दी जाती है। आयुर्वेद के मुताबिक, कुपोषण की वजह से शरीर में पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। इसलिए, आयुर्वेद में अश्वगंधादि अवलेह, चतुर्जातादि संभरक,और बालपुष्टिकार योग व बच्चों को संतुलित आहार उपलब्ध कराएं। जिसमें साबुत अनाज, गेहूं, जौ, मक्का या स्टार्चयुक्त कंद जैसे अनाज, पत्तेदार सब्जियां, फल और पशु स्त्रोतों से प्राप्त खाद्य पदार्थ



शामिल हों। कुपोषण तब होता है, जब किसी व्यक्ति के शरीर को जरूरी पोषक तत्व नहीं मिल पाता। कुपोषण के लक्षणों में वजन कम होना, भूख कम लगना, थकान और चिड़चिड़ापन शामिल हैं। पोषक आहार के साथ-साथ उसके गुण धर्म एवं मात्रा के साथ ऋतु अनुसारआहार विहार की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान सीमा जुर्री, साविता कोमरे, जगदीश मरकाम, शिवप्रसाद बघेल, राकेश्वरी बघेल और बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# देश की कला भी जनजातीय समुदायों के पास सुरक्षित, परंपराएं ही संस्कृति



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- जनजातीय समाज का स्वाभिमान एवं दूरदर्शिता सभी के लिए अनुकरणीय

भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वैभव सुरंग्ये, मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम एवं अतिविशिष्ट अतिथि पद्मश्री से नवाजे गए अजय मंडावी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती, भारत माता, भगवान बिरसा मुंडा, रानी दुर्गावती एवं शहीद वीर नारायण सिंह के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि प्राचीन समय में एक गांव को बसाना एवं उसकी सामाजिक संरचना को बनाने में वैज्ञानिक सोच एवं सामाजिक दूरदर्शिता प्रमुख थी। इस संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए उन्होंने गायता, पटेल, ठाकुर आदि पदाधिकारियों के कार्यों को स्पष्ट किया। जंगल जीवन से ग्रामीण जीवन व ग्रामीण जीवन से शहर की व्यवस्था किस प्रकार शेष पेज 10 पर

### विद्यार्थी अपनी संस्कृति पर करें गर्व

*महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वे अपने जाति परम्परा एवं संस्कृति पर गर्व करना सीखे वर्तमान में शासन प्रशासन का ऐसा कोई अंग नही है, जिसका नेतृत्व हमारा जनजातीय समुदाय न कर रहा हो इसलिए किसी को जातिगत संकोच नही करना चाहिए। रानी दुर्गावती के नेतृत्व में कुशलता, निडरता जाति गौरव जैसे अनेक गुणों को याद करते हुए उन्हें प्रासंगिक बताया उन्होंने स्पष्ट किया कि दमन कारियों ने आदिवासी संस्कृति को नष्ट करके ही अपने दमन नीति का विस्तार किया था।*

### बाजार परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**कांकेर।** नेहरू युवा केंद्र और एनएसएस पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में माय भारत के एक वर्ष पूरे होने पर सालगिरह समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में सम्मिलित होकर स्वयं सेवी शेष पेज 10 पर


पाठक सूचना

कांकेर जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969


## दूसरे के लाइसेंस पर दुकान चलाने की भी चर्चा

# नए कम्युनिटी हाल में सजी पटाखा दुकानें, हुए मंहगे



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- निर्धारित मात्रा से अधिक पटाखा रख रहे हैं दुकानदार

शहर के नए कम्युनिटी हॉल में पटाखा व्यापारी अपना दुकान सजा चुके है, पर अब तक जैसा श्री गणेश होना चाहिए, वैसा नहीं हो पाया है। पटाखा व्यापारियों का कहना है कि इस साल फटाखों में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे सभी फटाकों के दाम बढ़ गए है। कुछ लोगों का यह कहना है कि जिस नियम के तहत लाइसेंस दिया गया है, उसका पालन नहीं किया जा रहा है। शहर के नए कम्युनिटी हॉल में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी फटाखा व्यापारी अपनी दुकान शेष पेज 10 पर

### व्यापारियों ने रखे नियम से अधिक फटाखे

फटाखा व्यापारियों के अनुसार व्यापारियों को करीब 25 किग्रा तक फटाखा रखना है, पर शहर में कुछ अन्य दुकानों व गोदामों पर व्यापारियों द्वारा दीवाली में बिक्री के लिए अत्यधिक मात्रा में पटाखा एकत्र कर रखा गया है, जो नियमों के खिलाफ है। प्रशासन अब तक ऐसे व्यापारियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है, जिससे व्यापारी नियमों की धज्जियां उड़ाते नजर आते है।

### लाइसेंस बनाकर किराए पर देने का भी है खेल

पटाखा दुकान संचालित करने के लिए अस्थाई रूप से लाइसेंस की आवश्यकता होती है। यह लाइसेंस जिला प्रशासन द्वारा दस्तावेज कार्रवाई पूरा होने पर उपलब्ध कराया जाता है। कई लोग प्रक्रिया को पूरा नहीं कर पाते हैं, इसलिए वो दूसरों से लाइसेंस किराए पर ले लेते हैं, इसके लिए 10 से 15 हजार रुपएं की वसूली की जाती है। किराए पर दुकान लेने वालों पर किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं होने के कारण यह खेल भी बड़े स्तर पर चलता है।


पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के सुधि पाठको को सूचित किया जाता है कि भानुप्रतापपुर शहर एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि में खबरों, विज्ञापन एवं समाचार प्रतियां (अखबार) प्राप्त करने के लिये अब निम्न पते पर संपर्क करें

हरिभूमि यश न्यूज एजेंसी

संवाददाता - अभिषेक पाण्डेय

मेन चौक, कांकेर रोड, कमल सायकल के सामने, पूजा इलेक्ट्रिकल

मो. 9407909500

## खबर संक्षेप

### 5 अध्यापक और 3 चपरासी सेवा से बर्खास्त

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के लोहंडीगुड़ा, बकावण्ड, तोकापाल, बास्तानार ओर जगदलपुर विकासखंड के 5 शिक्षकों और 3 चपरासी को लगातार गैरहाजिर रहने और कार्य में लापरवाही के कारण सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल ने छग शासन तथा कलेक्टर के निर्देश के बाद सभी 8 शासकीय सेवकों को पदच्युत करने का आदेश जारी किया है। इनमें सभी 5 सहायक शिक्षक एलबी हैं। लोहण्डीगुड़ा ब्लाक के प्राथमिक शाला डेंगपारा गढ़िया की श्रीमती सुचिता बैरागी (लकड़ा), बकावण्ड विखं के प्राथमिक शाला नवीन चोलनार की श्रीमती अंबा ध्रुव, बास्तानार विखं के प्राथमिक शाला कुम्हार साडरा के देवेन्द्र कुमार प्रधान तथा प्राथमिक शाला काकलुर के सतीश किस्पोट्टा तथा जगदलपुर विखं के प्राथमिक शाला उपनपाल में पदस्थ श्रीमती पुष्पलता नायक शामिल हैं। इनके अलावा बर्खास्त किए गए भृत्य में बकावण्ड विखं के माध्यमिक शाला नरावण्ड के राजेश्वर सिंह ठाकुर, तोकापाल विखं के माध्यमिक शाला तरईगुड़ा के हेमंत सिरदार तथा बास्तानार विखं के माध्यमिक शाला तिरथुम की कु. ज्योति कश्यप शामिल हैं।

### दीपावली पर मिट्टी के दीयों की बिक्री को किया जाए प्रोत्साहित

**कोण्डागांव।** दीपावली पर्व के अवसर पर कुम्हार एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मिट्टी के दीयों की बिक्री को लेकर कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत नगरपालिका कोण्डागांव, नगर पंचायत फरसगांव और केशकाल क्षेत्र में दीये की बिक्री के लिए आने वाले ग्रामीणों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए उनसे किसी भी प्रकार की कर वसूली नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने दीयों की बिक्री के लिए आने वाले ग्रामीणों को कोई असुविधा न हो, इस बात का भी ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आम जनता को मिट्टी के दीयों के उपयोग के लिए भी प्रोत्साहित करने को कहा है, ताकि इस पारंपरिक उत्पाद को बढ़ावा दिया जा सके।

### ग्राम नारना में हर घर जल उत्सव का हुआ आयोजन



**कोण्डागांव।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत गत दिवस जिले के केशकाल विकासखंड के ग्राम–नारना, ग्राम पंचायत– ऊंदरी में हर घर जल उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती सरिता सोरी, सचिव श्रीमती सुशमा नाग, वार्ड पंच, मितानिन एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में ग्राम सभा का प्रस्ताव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को सौपा गया। समारोह में जल कर राशि, सामुदायिक सहभागिता एवं स्वामित्व भावना से योजना का संचालन जैसे प्रमुख जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। इस मौके पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ किशोर कोहले, सब इंजीनियर निभा कोर्राम, जिला समन्वयक प्रमोद कुमार ध्रुव एवं महादेव यदु उपस्थित रहे।

# दीपावली पर्व के दौरान सुरक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर रहें सतर्क : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने मंगलवार को समय–सीमा के बैठक में शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने आगामी दीपावली पर्व के दौरान जिले में किसी भी प्रकार की आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारी रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने इस दौरान शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने, अग्निशमक वाहनों तथा अस्पतालों में चिकित्सा व एंबुलेंस सेवा को अलर्ट रहने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय–सीमा की बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जनपदवार स्वीकृत कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि यह शासन की महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के कोई भी पात्र हितग्राही छूटना नहीं चाहिए। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि सभी पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाएं। साथ प्रथम किस्त की राशि जारी करने हेतु लंबित प्रकरणों को एक सप्ताह के भीतर निराकरण करें। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायत के सीईओ को मैदानी स्तर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्यों की प्रगति में तेजी लाने के लिए नियमित रूप से फील्ड विजिट करने के निर्देश दिए। उन्होंने बस्तर ओलंपिक की तैयारियों के संबंध में भी जानकारी ली और प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सुविधाओं को ध्यान रखने के साथ सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही राज्योत्सव के जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों को लेकर भी सभी विभागों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

## जिला कार्यालय में साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक

### लंबित आवेदनों की प्रगति की ली जानकारी

बैठक में मुख्यमंत्री जनदर्शन और कलेक्टर जनदर्शन के विभिन्न विभागों से कार्रवाई के लिए लंबित आवेदनों की प्रगति की भी जानकारी ली और त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इसके अलावा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शेड निर्माण की प्रगति, राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति, जाति प्रमाण पत्र, गिरदावरी सत्यापन कार्य, किसान पंजीयन कार्य सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर केशकाल डीएफओ एन गुरुनाथन जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय एकता दिवस : नागरिकों में दिखा उत्साह हुए शामिल

# रन फॉर यूनिटी में जनप्रतिनिधि, युवा और गणमान्य नागरिकों ने लगाई दौड़




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस तथा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आज रन फॉर यूनिटी का आयोजन हुआ। जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारी–कर्मचारियों, छात्र–छात्राओं, युवाओं, खिलाड़ियों और गणमान्य नागरिकों ने उत्साह के साथ दौड़ लगाई। यह दौड़ विकास नगर स्टेडियम से प्रारंभ होकर, जिला कोर्ट परिसर से होते हुए नेशनल हाईवे, जयस्तंभ चौक एवं बाजार पारा होते हुए पुनः विकास नगर स्टेडियम पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम, दीपेश अरोरा, नगर पालिका परिषद् के उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद् के सदस्यगण, अधिकारी–कर्मचारी, छात्र–छात्राएं, युवाओं के साथ ही बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

■ अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद् के सदस्य, अधिकारी–कर्मचारी, छात्र–छात्राओं ने भी निभाई भागीदारी

### 188 बटालियन सीआरपीएफ ने दिया एकता का संदेश




188 बटालियन सीआरपीएफ ने राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के लिये भवेश चौधरी कमाण्डेंट के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में रन फार यूनिटी रैली का आयोजन किया गया। रन फार यूनिटी रैली वाहिनी मुख्यालय चिखलपुट्टी से निकलकर राष्ट्रीय राजमार्ग–30 से होते हुए बस स्टैण्ड कोण्डागांव तक आयोजित की गई। इसमें 188 बटालियन के अधिकारी नीतीन्द्रनाथ, द्वितीय कमान अधिकारी, अभिज्ञान कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, ओमप्रकाश बिष्नोई, सहायक कमाडेंट साथ में कोण्डागांव के स्थानीय नागरिकों एवं युवाओं तथा बटालियन के अधिनस्थ अधिकारी व जवानों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर बटालियन मुख्यालय में कमाण्डेंट भवेष चौधरी द्वारा बटालियन के समस्त अधिकारियों तथा जवानो को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ भी दिलाई गई। उससे पहले द्वारा आज की रैली एवं शपथ कि विशिष्ठता के बारे में बताया। आजाद भारत के प्रथम उप प्रधान मंत्री एवं गृह मंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल के अथक प्रयासो से ही अखंड भारत का निर्माण होकर वर्तमान भारत देखने को मिला, इसलिए उनके जन्मदिन को भारत सरकार द्वारा वर्ष 2014 से राष्ट्रीय एकता दिवस के रुप में मनाया जा रहा है। 31 अक्टूबर को दीपावली पर्व को देखते हुए इस वर्ष 29 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने के लिए भारत सरकार द्वारा निर्देशित किया गया था। इसी प्रकार से रन फार यूनिटी रैलियों का आयोजन जिले के अन्य स्थलों पर बटालियन की कंपनियों द्वारा भी किया गया। जिसमें केशकाल में भी रैली का आयोजन किया गया।

# बीसी सखी प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिला पंचायत कोण्डागांव के सभा कक्ष में बीसी सखी प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बिकास तिवारी टीएसए सीनियर मैनेजर और हर्षित शर्मा मैनेजर टी.एस.ए. ने प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में बी.सी. सखियों के कार्यों की समीक्षा की गई। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर किया गया। इस दौरान उद्यम प्रमाण पत्र बनाने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इसके अलावा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, और अटल पेंशन योजना में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने की प्रक्रिया भी बताई गई। बीसी सखियों के आय में वृद्धि के लिए उन्हें कॉमन सर्विस सेंटर की सेवाओं का प्रशिक्षण भी दिया गया। वित्तीय लेन–देन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हाट–बाजारों में स्टॉल लगाने और महतारी वंदन, पेंशन एवं नरेगा की राशि का आहरण करने के लिए बी.सी. सखियों को निर्देशित किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य बी.सी. सखियों को सशक्त बनाना और उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में सक्षम बनाना था। यह कदम ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगा।

### ये रहे उपस्थित

कार्यशाला में जिले की सभी बी.सी. सखियाँ और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं क्षेत्रीय समन्वयक उपस्थित रहे।

# अनंतपुर थाने में शांति समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

दिवाली त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनंतपुर थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी अखिलेश धीवर ने क्षेत्र के सरपंच, कोटवार, पटेल और प्रमुख नागरिकों को विभिन्न सुरक्षा उपायों पर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में थाना प्रभारी ने निर्देश दिया कि गांव में किसी भी संदिग्ध या असामाजिक तत्व की गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को दी जाए। उन्होंने विशेष रूप से बाहरी लोगों, जैसे फैरी वाले, जड़ी–बूटी बेचने वाले, साड़ी–कंबल या कुर्सी बेचने वाले व्यक्तियों को गांव में ठहरने से रोकने और उनकी सूचना थाने में देने का आग्रह किया। इसके अलावा, कोटवारों और सरपंचों को अपने गांव में हर गतिविधि पर नजर रखने और नियमित रूप से थाने में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने की हिदायत दी गई। पुलिस ने साइबर क्राइम और ठगी से बचाव के बारे में भी ग्रामीणों को जागरूक किया। थाना प्रभारी ने अभिभावकों को सलाह दी कि वे अपने बच्चों के एंड्रॉइड मोबाइल में अभिव्यक्ति एप डाउनलोड करें। जिससे उन्हें साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी मिल सके। उन्होंने बच्चों को वाहन न चलाने देने और नशे की हालत में गाड़ी चलाने से बचने की हिदायत दी। इसके साथ ही, सभी वाहन चालकों को अपने दस्तावेजों को अपडेट रखने और साथ में रखने के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी ने नशामुक्ति और अपराधों की रोकथाम पर भी जोर देते हुए ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी तरह के अवैध कार्य की जानकारी तुरंत थाने को दें। उन्होंने अनंतपुर थाने के हेल्पलाइन नंबर साझा किए, ताकि नागरिक किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल दे सकें।

■ शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए की गई चर्चा



### शांति और सद्भाव से दिवाली मनाने का लिया संकल्प

बैठक में क्षेत्र के सभी कोटवार, सरपंच, पटेल और प्रमुख नागरिक उपस्थित रहे। जिन्होंने पुलिस को त्योहार के दौरान सहयोग का आश्वासन दिया। पुलिस की इस पहल से नागरिकों में सुरक्षा को लेकर विश्वास बढ़ा है, और सभी ने शांति और सद्भाव से दिवाली मनाने का संकल्प लिया।

# जिले की महिलाओं को दीपावली से पूर्व मिला खुशियों का नोटिफिकेशन

महतारी वंदन योजना की राशि से महिलाएं हो रहीं सशक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना ने राज्य की महिलाओं को न केवल आर्थिक सहायता प्रदान की है बल्कि उनके आत्मसम्मान और आत्मविश्वास को भी बढ़ाया है। इस योजना के माध्यम से महिलाएं न केवल अपनी घरेलू जरूरतों को पूरा कर पा रही हैं। बल्कि अपने बच्चों की पढ़ाई और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को भी समय पर पूरा कर रही हैं। दीपावली से पहले राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत राशि का अंतरण महिलाओं के लिए गर्व का क्षण था। इससे प्रदेश भर की महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों के खाते में नौवी किस्त की राशि अंतरित हुई। जिसमें जिले के 1 लाख 39 हजार 177 महिलाओं को दीपावली पर्व के पहले न केवल आर्थिक सहयोग मिला, बल्कि यह भी एहसास हुआ कि सरकार उनके संघर्षों को समझ रही है और उन्हें सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। बफना की रहने वाली लीला बाई यादव पेशे से मितानिन हैं और उन्हें छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा हर महीने महतारी वंदन योजना के तहत आर्थिक सहायता मिलती है। लीला बती कहती हैं, 'इस योजना से मुझे बहुत खुशी है क्योंकि सरकार हमें घर चलाने के लिए आर्थिक मदद कर रही है, जिससे हम छोटे–मोटे खर्चे आसानी से पूरा कर पाते हैं।। लीला बाई के परिवार में तीन बच्चे हैं, दो बेटियां और एक बेटा। उनका बड़ा बेटा एक शो रूम में काम करता है, जिससे परिवार को आर्थिक मदद मिलती है, जबकि दूसरी बेटी अपने पिता के साथ मिलकर एक छोटा होटल चलाती है। वहीं, उनकी सबसे छोटी बेटी कंप्यूटर कोर्स कर रही है। घर में डेढ़ एकड़ खेत है, जहां परिवार खेती करता है। महतारी वंदन योजना की मदद से लीला बाई अपने परिवार के लिए बेहतर जीवन यापन करने में सक्षम हो पाई हैं। कलेकसा पारा, बफना की शैलेंद्री पोयाम गृहिणी हैं और उनका परिवार मुख्य रूप से खेती–बाड़ी पर निर्भर है। उनके परिवार में सात लोग हैं और उनके पति खेती करके परिवार का खर्च चलाते हैं। शैलेंद्री का परिवार छह एकड़ जमीन पर खेती करता है। महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली सहायता से शैलेंद्री को अपने परिवार की जरूरतें पूरी करने में मदद मिलती है।

■ जिले के 1 लाख 39 हजार 177 महिलाओं को मिली राशि



### हितेंद्री देवांगन को बच्चों की पढ़ाई में मिल रही मदद

बफना, कलेकसा पारा की रहने वाली हितेंद्री देवांगन एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं। उन्हें महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने एक हजार रुपये मिलते हैं। हितेंद्री कहती हैं इस बार दीपावली से पहले हमें राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के हाथों यह राशि मिली, जो हमारे लिए गर्व की बात है। इससे हम दीपावली में बच्चों के लिए पटाखे और मिठाई जैसी जरूरतें पूरी कर पाएंगे। हितेंद्री संयुक्त परिवार में रहती हैं जिसमें 17 लोग हैं। उनका पूरा परिवार किसान है और खेती–बाड़ी से ही घर चलता है और उनकी डेढ़ एकड़ जमीन से सिर्फ खाने लायक ही उत्पादन हो पाता है। हितेंद्री बताती हैं कि महतारी वंदन योजना से मिलने वाली सहायता राशि से उन्हें और उनकी देवरानी एक–दूसरे की जरूरतों के समय मदद करती हैं। जिससे देवरानी जेठानी के बीच में मन मोटाव जैसे परिस्थिति नहीं रहती। हितेंद्री के दो बेटिया हैं और दोनों बेटियों के लिए वह सुकन्या योजना के तहत पैसे जमा करती हैं और जब कभी पैसों की कमी होती है, तब महतारी वंदन योजना की राशि उनके लिए सहारा बनती है। वह कहती हैं इस योजना के कारण मुझे कभी किसी से पैसे उधार मांगने की जरूरत नहीं पड़ी।

# मवेशी लेकर जा रहे युवक को ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत दूसरा बाल बाल बचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

परपा थाना क्षेत्र स्थित हाईवे में बीती रात अज्ञात ट्रक के चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए युवक को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर युवक को उपचार के लिए मेकाज में भर्ती कराया गया जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं हादसे में मृतक का साथी बाल बाल बच गया।

जानकारी के मुताबिक सुकमा जिले के कुकानार निवासी देवा 35 वर्ष अपने दोस्त हूंगा के साथ परपा थाना क्षेत्र स्थित पामेला मवेशी बाजार में रविवार की सुबह मवेशी खरीदने के लिए आया हुआ था। मवेशी खरीदने के बाद रात लगभग दस बजे दोनों पैदल ही मवेशी लेकर कुकानार के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान परपा थाना क्षेत्र के ग्राम तोकापाल के करीब तेज रफ्तार ट्रक चालक ने पैदल मवेशी लेकर जा रहे एक युवक को टक्कर मार दी वहीं दूसरा युवक बाल बाल बच गया। हादसे में घायल युवक को तत्काल लोगों की मदद से उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज लाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परपा पुलिस द्वारा सोमवार को पीएम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। इस हादसे में देवा को गंभीर चोट आई थी वही हूंगा बाल बाल बच गया था। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद परपा पुलिस ने ट्रक समेत चालक को गिरफ्तार कर मामले की विवेचना कर रही है।

### बड़ेडोंगर में पटाखा दुकानों का एसडीओपी ने किया निरीक्षण

**फरसगाँव।** कोंडागाँव जिले में दीपावली पर्व को लेकर खास उत्साह देखने को मिल रहा है । लोग अभी से त्योहार की तैयारियों पर लगे हुए हैं। इस वर्ष बड़ेडोंगर में भी पटाखों की दुकानों लगाई गई है। सुरक्षा के मद्देनजर सोमवार की रात करीब 6 बजे फरसगांव एसडीओपी अनिलकुमार विश्वकर्मासी ने पटाखों की दुकानों का निरीक्षण किया। दुकानदारो को सुरक्षा उपकरणों की पूरी व्यवस्था के साथ दुकान संचालक करने को कहा गया।

# पुलिस में भर्ती के नाम पर ठगी करने वालों से रहे सतर्क : एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नवम्बर माह में आरक्षक संवर्ग के 5967 रिक्त पदों पर होने वाली सीधी भर्ती के नाम पर ठगी करने वालों से सतर्क रहने की अपील एसपी शलभ सिन्हा द्वारा की गई है। एसपी सिन्हा ने दो मिनट का वीडियो सदेंश जारी कर कहा कि पुलिस भर्ती के नाम पर रूपए न दें तथा ऐसे तत्वों की तत्काल पुलिस को सूचना दें। जिले में आरक्षक पद के लिए पुलिस भर्ती निकलने वाली है, कुछ लोग हैं जो भर्ती करने के नाम पैसे ठग लेते हैं। एसपी ने कहा कि 15 नवंबर से बस्तर जिले में आरक्षक पद के लिए पुलिस भर्ती निकलने वाली है। इसके लिए अभ्यार्थी जी तोड़ मेहनत भी कर रहे हैं लेकिन ऐसे भी कुछ लोग हैं जो भर्ती करने के नाम पैसे ठग लेते हैं। ऐसे मामलों को लेकर एसपी द्वारा सोशल मीडिया पर वीडियो भी जारी किया गया है। इसमें किसी भी भर्ती के नाम पर पैसे न देने की बात कही है। कुछ अपराधिक तत्वों द्वारा ऐसे अभ्यर्थियों को अपनी बातों में उलझाकर उनसे पैसों की डिमांड के साथ ही नौकरी लगाने के साथ ही ऊंचे पहुंच का धौस भी दिखाया जाता है। एसपी ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शिता है। इसमें किसी भी तरह से कोई धांधली नहीं की जा सकती है। ये लोग अभ्यर्थियों की जमा पूंजी को ले लेंगे इसके अलावा फिजिकल से लेकर परीक्षा के दौरान मिलने वाले सभी अंक को कम्प्यूटर में अंकित किया जाता है अगर कोई भी व्यक्ति नौकरी लगाने के नाम पर पैसा मांगता है तो तत्काल इसकी सूचना पास के थाने या फिर सीधे बस्तर एसपी कार्यालय में देने की उन्होंने लोगों से अपील की है।

■ आरक्षक संवर्ग के 5967 रिक्त पदों पर होनी है सीधी भर्ती



## पेज 9 के शेष

### बस्तर ओलिंपक के...

प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए जियो टैगिंग नहीं किए जाने पर निर्माण कार्य में अनावश्यक विलंब होने पर असंतोष जाहिर करते हुए सभी जनपद सीईओ को अपने अधीनस्थों को प्राथमिकता से कार्य कराने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायतों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर करते हुए दीपावली पर्व के बाद अनिवार्य रूप से कार्य प्रारंभ करने के निर्देश सभी जनपद सीईओ को दिए। इसके साथ ही स्कूल जतन योजना के पहले चरण में स्वीकृत कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के भी निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए।

### देश की कला...

प्रारंभ हुई, यह भी स्पष्ट किया। मुख्य वक्ता वैभव सुरंग्ये ने मध्यकाल से लेकर वर्तमान तक जनजातीय समुदाय समाज के प्रति योगदान को याद करते हुए कहा कि परम्पराओं को शिक्षित वर्ग द्वारा अंधविश्वास कहा जाता हैं। परंपराए ही संस्कृति हैं और संस्कृति के गौरवशाली इतिहास को आज भी धरोहर के रूप में संरक्षित करने का कार्य जनजातीय समाज कर रहा है। फिल्मों में दिखाए जाने वाले आदिवासी वर्तमान के आदिवासी नहीं हैं वे शिक्षित हैं, गौरवशाली पदों पर है फिर भी अपनी संस्कृति और सभ्यता से जुड़े हुए है। देश की कला भी जनजातीय समुदायों के पास सुरक्षित हैं। उन्होंने आगे कहा कि पंचायत न्याय व्यवस्था देश की सबसे सरल और त्वरित न्याय व्यवस्था है। इसके अलावा शहीद वीर नारायण सिंह, रानी फुलकुंवर, भीमा नायक, बिरसा मुंडा, रानी दुर्गावती आदि के महान योगदानों को भी याद किया। अति विशिष्ट अतिथि ने भी अपने वक्तव्य में जनजातीय गौरवशाली परंपरा का बखान किया तथा स्पष्ट किया कि यह संस्कृति हमारे रक्त में अतः वैज्ञानिक रूप से भी मैं यह कह सकता हूॅ, यह विलोपित नही होगी। आने वाली पीढ़ी से इसे पुनः विकसित करेंगी। आवश्यकता केवल इतनी है इसका सही ज्ञान प्राप्त हो।

### नए कम्युनिटी हाल...

सजाकर दीवाली त्यौहार में बिक्री करने के लिए दुकानें सजा चुके है, जो अपने लाइसेंस के अनुसार करीब 25 किग्रा. तक का फटाखा बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रहे है। पटाखा व्यापार करने बैठे व्यापारियों का कहना है कि इस साल बाजार में अभी महौल देखने को नहीं मिला है। दीपावली का धनतेरस पहला दिन होता है, उसके बाद चार दिन पर्व मनाया जाएगा। धनतेरस के बाद ही पटाखा बाजार में माहौल देखने को मिलता है। फटाखा व्यवसायियों ने बताया कि बारूद का कीमत में वृद्धि हो जाने से इस बार फटाखों में 10 प्रतिशत के आसपास वृद्धि हुई है। नए कम्युनिटी हॉल में दुकान लगाने के लिए नगर पालिका द्वारा 2000 रूपएं किराया वसूला गया है। दुकानदारों का कहना है कि पहले 1000 रूपएं लिया जाता था, इसे कम करने की जरूरत है।

### पीड़ितों के लिए आर्थिक ...

नीलेश क्षीरसागर द्वारा सर्प काटने और तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने के तीन प्रकरण में उनके निकटतम परिजनों को चार-चार लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। तहसील कांकेर के ग्राम तेलावट निवासी 09 वर्षीय डिकेश सलाम की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर उनके माता-पिता हुमेश तथा ममता सलाम के लिए सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इनके अलावा ग्राम कोकड़ी निवासी 45 वर्षीय रेखराम पड़ोटी की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी अमृता बाई को चार लाख और दुर्गूकोंदल तहसील के ग्राम सुरूंगदोह निवासी 18 वर्षीय कुमारी कुंवारो की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम परिजन मेहतरू और रतनी यादव को चार लाख की सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

### बाजार परिसर में...

युवाओं और माय भारत कांकेर ने बाजार परिसर और आस-पास के इलाको में स्वच्छता अभियान चलाया। सिंगल यूज प्लास्टिक अपशिष्ट एकत्र किया गया और युवा मंडल स्वयं सेवक के युवाक-युवतियों ने अभियान में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में जिले के भैरमगढ़ महाविद्यालय के विद्यार्थियों को बाल संरक्षण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ एक युद्ध नशे के विरूद्ध पोषण भी-पढ़ाई भी, बाल विवाह मुक्त बीजापुर, मिशन शक्ति विषयों पर सघन रूप से जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। पुलिस विभाग, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग से समन्वय एवं स्कूल के बच्चों एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों को कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य, सहायक प्रध्यापक सहित महिला एवं बाल विकास विभाग कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवार को 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अंतर्गत सर्पदंश से मृत्यु के दो प्रकरणों में मृतिका कुम्मे वेड़जा के निकटतम वारिस उनके पति बुधू वेड़जा निवासी ग्राम मुरकीनार, मृतिका नुपुर वेड़जा के निकटतम वारिस उनके पिता बुधू वेड़जा निवासी मुरकीनार, को प्रत्येक को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। इसी तरह पानी में डुबने से मृत्यु के दो प्रकरण में मृतक भूपेन्द्र कश्यप के निकटतम वारिस उनकी पत्नि धनकी कश्यप निवासी ग्राम नेलसनार एवं मृतिका पोदिया कड़ती के निकटतम वारिस उनकी पत्नि लखी कड़ती निवासी ग्राम चेरली भैरमगढ़ को 4-4 लाख रुपए कुल 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए हैं।

### क्षतिपूर्ति के लिए 1 करोड़ 14 लाख 25 हजार स्वीकृत

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ नक्सल पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों को प्रति व्यक्ति 25 हजार के मान से कुल 61 आत्मसमर्पित नक्सलियों को 15 लाख 25 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह नक्सली घटना में प्रेशर बम के चपेट में आने के तीन प्रकरणों में घायलों को 3 लाख रुपए प्रति व्यक्ति मान से कुल 9 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। नक्सली घटना में निजी वाहनों के क्षति होने पर 4 वाहनों के लिए 20 लाख की मुआवजा राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं नक्सल हिंसा से ग्रामीणों के मृत्यु होने के 14 प्रकरणों में प्रति मृत व्यक्ति के परिजनों को 5 लाख रुपए इस तरह कुल 70 लाख रुपए मृतकों के परिजनों को सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। नक्सल हिंसा में मानव क्षति, वाहन क्षति एवं आत्म समर्पित नक्सलियों के प्रोत्साहन राशि की स्वीकृति जिला स्तरीय नक्सल पुनर्वास समिति की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में स्वीकृत किया गया है।

### अंदरूनी ग्रामों में बस परिचालन में जुटा प्रशासन

# युवा समूहों को विधायक ने सौंपी नए बसों की चाबियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



जिले के दूरस्थ एवं अंदरूनी क्षेत्रों के ग्रामीणों को यात्री बस सुविधा उपलब्ध कराकर उनकी बहुप्रतीक्षित मांगों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इस क्रम में आज जिला कार्यालय परिसर में जिले के कटेकल्याण, मैलावाड़ा एवं गीदम

- बस संचालन की जिम्मेदारी मिलने से युवाओं में हर्ष

के युवा समूह क्रमशः जय बस्तर युवा समूह कटेकल्याण, गंगादई बस ट्रेवल्स मैलावाड़ा, दंतेश्वरी समूह गीदम के युवाओं को क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी द्वारा नये बसों की चाबियां सौंपी गई।

इस मौके पर विधायक ने सभी युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें जिम्मेदारी पूर्वक बस संचालन की समझाईश भी दिया। इस दौरान उन्होंने स्वयं कलेक्ट्रेट परिसर में बस चलाकर टेस्ट ड्राइव भी किया। ज्ञात हो कि कटेकल्याण का युवा समूह बड़े गुडरा से गुड़से तथा मैलावाड़ा का समूह भूसारास से दंतेवाड़ा तथा गीदम का समूह भटपाल से कटेकल्याण तक ग्रामीणों को बस सुविधा उपलब्ध कराएगा। इन बस सर्विसों का रूट अनुसार दंतेवाड़ा से बड़ेगुडरा, कटेकल्याण, गाटम, मेटापाल, मेंदोली, जराम, पोन्दुम, दंतेवाड़ा, गंजेनार, नकुलनार, कुआकोंडा, मैलावाड़ा, मोखपाल, बड़ेगुडरा, तक। दंतेवाड़ा से पोटाली अरनपुर, समेली, मालेंडा, पालनार, गोंगपाल, नकुलनार, गंजेनार, दंतेवाड़ा तक। दन्तेवाड़ा से छिंदनार, मोफलनार, तुमनार, बड़ेसुरोखी, समलूर, गीदम, दंतेवाड़ा तक। दंतेवाड़ा से भुसारास, मोखपाल, मैलावाड़ा, नकुलनार, गंजेनार, दंतेवाड़ा, तक। दंतेवाड़ा से नारायणपुर, सातधार, हितामेटा, बारसूर, रोंजे, हीरानार, गीदम, दंतेवाड़ा निर्धारित रहेगा।

इस मौके पर इन युवाओं में से सखाराम ठाकुर, शिवनाथ, छन्नू राम ताती, ललिता, मुकेश, हेमकुमार पांडेय ने शासन-प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विश्वास दिलाया कि वे बस परिचालन की जिम्मेदारी को पूरी क्षमता से उठाएंगें। इसके साथ ही गीदम के अन्य युवा बिसरो राम को टैक्सी परिचालन हेतु बोलेरो वाहन दिया गया। ज्ञात हो कि जिले के अंदरूनी इलाकों में बस सुविधा उपलब्ध न होने से यहां के रहवासियों को हमेशा आने-जाने में दिक्कतों को सामना करना पड़ता था।

इसके चलते उन्होंने जिला प्रशासन के समक्ष अपनी इस मांग को रखा था और प्रशासन द्वारा भविष्य में भी इसी प्रकार के अन्य क्षेत्रों में बस सुविधा परिचालन प्रारंभ किया जाएगा। इन समूहों को बस प्रदाय प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अन्तर्गत तथा जिला खनिज न्यास निधि के माध्यम से दिया गया है।

निश्चय ही बस सुविधा उपलब्ध होने से यहां के ग्रामीणों को आने-जाने में अब सहुलियत होगी। इस मौके पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, एसपी गौरव राय, नगर पालिका उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## आयुर्वेद स्वस्थ और सक्रिय बनाए रखता है : विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



जितना अच्छा परिणाम आयुष की औषधियों से रोगी को मिलता है, किसी और चिकित्सा पद्धति में नही, कारण ये पद्धतियां हमारे परंपरागत ज्ञान पर आधारित है। इनके अनुसार ऋतुचर्या तथा आहार चर्या के कारण

- जिला स्तरीय नि :शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन

ही हमारे पूर्वज लंबी आयु जीने के साथ ही स्वस्थ और सक्रिय बने रहते थे। उक्त आशय संबंधी उद्बोधन विधायक चैतराम अटामी ने आज बस स्टैंड परिसर में आयोजित एक दिवसीय आयुष विभाग द्वारा शिविर में कही।

भगवान धन्वंतरि जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस शिविर में अटामी ने आगे कहा कि आयुर्वेद पद्धति प्राचीन पद्धति है और इस पद्धति से उपचार धीरे-धीरे होकर जड़ से समाप्त करने की दिशा में भी कारगर साबित हो सकती है। इस पद्धति से उपचार कराकर बीमारी से पीड़ित मरीज लाभ उठा सकते हैं। शासन द्वारा लोगों की स्वास्थ्य सुविधाओं का ध्यान रखकर समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। यह शिविर आयुर्वेद पर भरोसा करने वालों के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। शिविर में पंचकर्म पद्धति से गंभीर बीमारियों का उपचार सहित सामान्य बीमारियों की जांच एवं उपचार की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा जिला अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों में आयुर्वेद पद्धति से उपचार की जाती है। अतः आमजन अभी से ही आयुर्वेद को अपनाये और शरीर को स्वस्थ रखे। मौके पर आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. जगदंबा पांडा ने बताया कि भगवान धन्वंतरि जयंती के उपलक्ष में जिला स्तरीय निशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें वात रोग, स्त्री रोग, चर्म रोग, बवासीर, रक्तचाप, मलेरिया, पीलिया, उदर रोग, दमा, मधुमेह, सभी प्रकार के रोगी यहां सैंकड़ों की संख्या पर उपस्थित हुए हैं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, नगर पालिका उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि विजय तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण मौजूद थे।

## अधिकारी, कर्मचारियों ने लगाई देश की एकता के लिए दौड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में दंतेवाड़ा के समस्त अधिकारी, कर्मचारी, खिलाड़ी,

- लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस पर कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी

गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधियों ने देश के पहले गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वें जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण रखने के उद्देश्य से दौड़ लगाया। यह एकता दौड़ संयुक्त कार्यालय भवन दंतेवाड़ा से प्रारम्भ हो कर पुलिस लाईन कारली में जाकर समाप्त हुआ। दौड़ का शुभारंभ कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने हरी झंडी दिखाकर किया।

इस दौड़ के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र को एक रखने का संदेश दिया गया। इस दौड़ में राजेश पात्रे अपर कलेक्टर, अभिषेक तिवारी अनुविभागीय अधिकारी (रा.), राम वर्मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, डॉ. आर.एल. गंगेश मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एम.के. अम्बस्ट जिला शिक्षा अधिकारी, पवन मेरिया मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

## 18 विद्यार्थियों ने मॉडल, प्रोजेक्ट एवं 3 शिक्षकों ने टीएलएम का किया प्रदर्शन




**गीदम।** छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से एवं राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर के सौजन्य से 4 दिवसीय राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला तथा विज्ञान नाटिका सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय अंबिकापुर में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में दंतेवाड़ा जोन से विभिन्न विद्यालयों से चयनित 18 विद्यार्थियों ने समूह व व्यक्तिगत वर्ग में मॉडल व प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया। साथ ही 3 शिक्षक-शिक्षिकाएं भी पाठ्यक्रम से जुड़े सहायक शिक्षण सामग्री टीएलएम में प्रदर्शित किये। दंतेवाड़ा जोन प्रभारी प्राचार्य बीबी चक्रवर्ती ने बताया कि सतत भविष्य के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय पर जोन स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला तथा विज्ञान नाटिका का आयोजन किया गया था। जोन से चयनित कुल 21 प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिये। प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं मोमेंटो दे कर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर जिला प्रशासन दंतेवाड़ा के अधिकारीगण एवं जिला शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा अधिकारी एसके अंबस्ता, जिला मिशन समन्वयक हरीश गौतम, सर्व विकाखंड शिक्षा अधिकारी, सर्व खंड स्रोत समन्वयक, सर्व प्राचार्यगण, सर्व संकुल समन्वयक एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं बधाई व शुभकामनाएं दी है।

आड़ावाल आरटीओ कार्यालय के पास दिया घटना को अंजाम

## खड़ी ट्रक से पहिया पार करने वाला आरोपी गिरफ्तार, 2 फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बोधघाट थाना क्षेत्र स्थित आरटीओ कार्यालय के करीब खड़ी ट्रक से पहिया पार करने वाले शातिर चोरों में से एक को पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी के दो टायर जब्त किया है। वहीं मामले में संलिप्त दो फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

चोरी की वारदात को गंभीरता से लेते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना

- बोधघाट पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 40 हजार की टायर किया जब्त

प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था।

बोधघाट पुलिस ने प्रत्यक्ष दर्शी की मदद से आरोपी की पहचान कर उसके कब्जे से चोरी का सामान 2 नग ट्रक चक्का डिस्क समेत कीमत 40 हजार रूपए बरामद किया है। मामले में आरोपी नीलेश उर्फ पप्पू साहू 37 वर्ष निवासी नयापारा अड़ावाल को गिरफ्तार किया गया है। मामले कि रिपोर्ट प्रार्थी संतोष कुमार गौतम द्वारा बोधघाट थाने में दर्ज कराते हुए बताया कि 22 अक्टूबर की रात उसने अपने 12 चक्का ट्रक क्रमांक सीजी 08 एल 1564 को आड़ावाल आरटीओ कार्यालय के पास खड़ा किया था जिसमें लगे चक्का को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है।

टीम द्वारा संदेही निलेश उर्फ पप्पू साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जिसके द्वारा चोरी करना स्वीकार किया तथा चोरी किये हुए दो ट्रक चक्का आरोपी के कब्जे से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। थाना बोधघाट के निरीक्षक ने बताया कि मामले में सलिंप्त आरोपी के दोस्त व एक अन्य कि तलाश की जा रही है जिन्हे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। त्वरित कार्रवाई में करने से जप्ती कर उपरोक्त आरोपी आरोपी निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई अरूण मरकाम, प्रधान आरक्षक सुनील मनहर, नितेश मेश्राम, चोवा दास गेंदले, आरक्षक होरीलाल आर्मो, त्रिनाथ कश्यप व राकेश मंडावी की अहम भूमिका रही।

## दीदियों के बनाए दीयों से जगमग होगी दिवाली



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

विदेशी बिजली के झालरों और लट्टूओं से वह खुशी मिल ही नही सकती जो घर के आंगनों में जगमगाते इन नन्हें दीयों से मिलती है। हम में से हर कोई आखिरकार मिट्टी के दीयों से ही अपने घर को सजाते है। हमारी परंपरा में पूजा स्थलों में भी मिट्टी के दीयों की ही महत्ता होती है। घर आंगन में सजे रंगोली, तुलसी चौरें में मिट्टी के दीयें ही शोभित होते है। इस क्रम में जनपद पंचायत दन्तेवाड़ा अंतर्गत कुम्हारारास के स्व सहायता समूहों के माध्यम से बनाये जा रहे हजारों मिट्टी के दीयें एवं अन्य वस्तु मुख्यालय के बाजार में कम दरों में उपलब्ध है। इन दीयों को माटी कला को बढ़ावा देने हेतु समर्पित कुम्हाररास की शीतल दई स्व सहायता समूह के 10 दीदियों के द्वारा बनाया गया है।

- बिहान की स्व सहायता समूह के दीदियां बना रही मिट्टी के दीयें

### मिट्टी के दीये बेचने वाले ग्रामीणों से कर वसूली नहीं की जाए : कलेक्टर

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा ने दीपावली पर्व को मद्देनजर रखते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि दीपावली पर्व पर कुम्हार एवं अंचल के ग्रामीणों द्वारा मिट्टी के दीये बनाये जाते हैं तथा इन्हें बाजारों में विक्रय के लिए लाया जाता है। इन विक्रेताओं को दीया बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसका पूरा ध्यान रखें, वहीं नगरी-निकाय क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कर वसूली न करें एवं आमजनों को मिट्टी के दीये खरीदने के लिए भी प्रोत्साहित करने को कहा है।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वीं जयंती पर रन फॉर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर आयोजित रन फॉर यूनिटी एकता दौड़ में जिले के पुलिस जवान, स्कूली विद्यार्थी, जनप्रतिनिधी, अधिकारी-कर्मचारी एवं जन सामान्य ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलेक्टर संबित मिश्रा ने एकता दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव सहित जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारीगण एकता दौड़ में शामिल हुए। कलेक्टर ने उपस्थित जन समूह को एकता, अखंडता और सुरक्षा की शपथ दिलाई। एकता दौड़ सांस्कृतिक भवन बीजापुर मैदान से शुरू होकर सर्किट हाऊस स्थित शहीद स्मारक में सम्पन्न हुई। इस दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित किया। इस दौरान कलेक्टर ने सरदार वल्लभ भाई पटेल का स्मरण करते हुए भारत की एकता और अखंडता के लिए दिए गए योगदान के बारे में बताया।

## नारायणपुर में दर्शनम बना वस्त्रों में आधुनिक ट्रेंड्स की नई पहचान




बिजनेस साइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में तेजी से उन्नति के मार्ग पर बढ़ता नारायणपुर आधुनिक जीवन शैली की पहचान बन गया है। सभी आधुनिक सामानों के शो रूम यहां के लोगों को जीवन का नया अंदाज प्रदान कर रहे हैं। इसी दिशा में नारायणपुर में बड़े शहरों के ट्रेंडिंग फैशन के साथ दर्शनम का शो रूम एक नई पहचान बन चुका है। मेंस वुमेंस व किड्स के पारिवारिक व वैवाहिक वस्त्रों की विशाल रेंज लोगों के आकर्षण का केंद्र है। धनतेरस व दीपावली उत्सवों को धूमधाम से मनाने ग्रैंडलान्च ऑफर रू. 500/- के गिफ्ट वाउचर 4000/- या उससे अधिक की खरीदी पर दिये जा रहे है। नारायणपुर में मेन रोड, नोबल कम्प्यूटर के सामने स्थित दर्शनम की खास बात यह है कि आधुनिक फैशन स्टाइल के वस्त्रो की श्रृंखला, ग्राहकों को पूरे परिवार की जरूरत व बजट के अनुरूप एक ही छत के नीचे मिल जाते हैं। त्यौहारो पर ग्राहकों की भीड़-उमड़ रही है।









## खबर संक्षेप



### फटाका विक्रेताओं को सुरक्षा से संबंधित दी गई हिदायतें

**कांकेर।** जिले के विभिन्न फटाका दुकान के विक्रेता को सुरक्षा संबंधी हिदायत दिया गया। एसपी आईके ऐलिसेला के निर्देशन में, एएसपी संदीप पटेल, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय गिरिजा शंकर साव के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर के पर्यवेक्षण में 28 व 29 अक्टूबर को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में दीपावली पर्व के चलते जिले के बाजारों एवं फटाका दुकानों में जिला पुलिस बल एवं नगर सेना द्वारा निरक्षण किया गया। दुकानों में आग लगने की स्थिति में मॉक ड्रिल डेमो देते हुए समस्त फटाका विक्रेताओं को सुरक्षा संबंधित हिदायत दिया गया। किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर पुलिस कंट्रोल रुम, संबंधित थाना एवं फायर ब्रिगेड को जानकारी देने की हिदायत दी गई। इस दौरान थाना प्रभारी कांकेर मनीष नगर, थाना प्रभारी नरहरपुर सुरेश राठौर व जिले के अन्य थानों के थाना प्रभारी व स्टाफ उपस्थित रहे।

### गांधी मैदान बना कचरा संग्रहण केंद्र

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव विक्रांत सिंह ने जगदलपुर नगर सरकार और प्रदेश भाजपा सरकार को कठघरे में खड़ा करते कहा कि शहर के ह्रदय स्थल में क्रिकेट ग्राउंड गांधी (हाता) मैदान इन दिनों कचरा संग्रहण केंद्र बन गया है। मैदान को कांग्रेस के शासन काल में संवारने सर्वसुविधा युक्त राष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट ग्राउंड बनाया। साथ ही उसका रख-रखाव किया। भाजपा शासित नगर निगम ने उस ग्राउंड को कचरा संग्रहण केन्द्र बना दिया, शहर का कचरा निगम हाता ग्राउंड में डंप कर रहा है।

### निर्वाचक नामावली प्रकाशन 28 नवंबर तक

**जगदलपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 29 अक्टूबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया। साथ ही साथ सभी मतदान केंद्रों में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली की प्रकाशित सूची जन साधारण के अवलोकन के लिए उपलब्ध रहेगी। ऐसे मतदाता जो आगामी 1 जनवरी 2025 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हों और वे किसी कारणवश अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं करा पाये हैं। वे संबंधित मतदान केन्द्रों में 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक जाकर नियत प्रारूप 6 में आवेदन प्रस्तुत कर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। सभी मतदान केन्द्रों में निःशुल्क आवेदन प्रपत्र उपलब्ध रहेंगे। मतदाता इस संबंध में अपने क्षेत्र के बीएलओ से सम्पर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### कुशाभाऊ वार्ड में कांग्रेस ने लगाया जन चौपाल

**जगदलपुर।** जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड में वार्ड भ्रमण के तहत जनचौपाल लगाया गया। मौर्य वार्डवासियों के समक्ष कांग्रेस पार्टी की नीतियों की ओर आकर्षित किया साथ ही कहा कांग्रेस पार्टी आप सभी साथ खड़ी है जो भी सहयोग हो सकेगा किया जायेगा।

# राजस्थानी दिवस पर विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में दी शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

## विधायक ने की विद्यार्थियों की सराहना




राजस्थान की समृद्ध संस्कृति और गौरवमयी इतिहास की झलक पेश करते हुए जिले के दरगहन स्थित प्रणम्या चिल्ड्रन एकेडमी में राजस्थान दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने राजस्थानी वेशभूषा में पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए और वहां उपस्थित सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मंडावी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं, जिन्होंने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनके उत्साहवर्धन किया। विद्यालय परिसर को राजस्थान की अनोखी कला और प्रतीकों से सजाया गया था। थार के मरुस्थल, जल महल, अजमेर का किला और मीरा बाई के सम्मान में आयोजित विशेष झांकी दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर रही थी। आयोजन के दौरान राजस्थानी व्यंजनों दाल बाटी चोखा, घेवर, प्याजी कचौरी और राबड़ी का स्वाद सभी ने लिया। यह मेहमानों के लिए एक विशेष अनुभव का निर्माण किया। साथ ही एक तारा, शहनाई और ढोलक जैसे पारंपरिक राजस्थानी वाद्य यंत्रों की धुनों ने वातावरण में रंग भरे। संस्थान के प्राचार्य सपना और प्रबंधक पंकज जाजू ने बताया कि यह आयोजन केवल 15 दिनों की तैयारी में संभव हो सका, जो संस्था के स्टाफ और शिक्षकों के समर्पण और मेहनत का परिणाम है। विद्यालय की दीवारों पर लिप्पण और मिरर आर्ट का सजावट कार्य किया गया, जिससे पूरे परिसर में एक राजस्थानी आभा बिखरी। भोजन कक्ष में विशेष राजस्थानी मुहावरे लिखे गए, जो वहां आने वाले मेहमानों को एक अलग अनुभव दे रहे थे। इस सांस्कृतिक उत्सव में बच्चों के अभिभावक और स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में समस्त स्टाफ का उल्लेखनीय योगदान रहा।

### आटोमोबाइल सेक्टर में भी लोगो की जुटी भीड़, दुपहिया और चार पहिया बिक्री में रिकॉर्ड उछाल

# धनतेरस पर बाजार में रही रौनक, सराफा बाजार बूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





धनतेरस के मौके पर सुबह से ही बाजारों में रौनक रही। सोना-चांदी की कीमतों में भारी वृद्धि के बाद भी सराफा बाजार बूम रहा। लोग खूब खरीदारी की। ग्राहकों को लुभाने के लिए दुकानदारों ने आकर्षक ऑफर निकाले हैं। धनतेरस के मौके पर शहर का मुख्य बाजार (मेन रोड) समेत पैलेस रोड,हाई स्कूल रोड,ठाकुर रोड, प्रताप देव व बालाजी रोड के बाजारों में धन और रश (भीड़) दोनों देखने को मिल रही है। धनतेरस पर आभूषणों के साथ-साथ नए बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है। इसी के चलते बाजारों में खूब रौनक है। धनतेरस के दो दिन बाद दीपावली का पर्व है। त्योहारी सीजन पर चंडीगढ़ के बाजारों में खरीदारी के लिए खासी भीड़ उमड़ रही है। धनतेरस के मौके पर सर्राफा बाजार में देर शाम तक खूब रौनक लगी रही। सर्राफा कारोबारियों के मुताबिक इस बार सोने-चांदी और डायमंड का कारोबार 200 करोड़ से अधिक हो सकता है। सराफा कारोबारी महेन्द्रकांत जेवलर्स के संचालक जितेश संघानी ने बताया लोग ज्वेलरी में उछाल के बाद भी लोग इन्वेस्ट करने सोने और चांदी की खरीदारी में हाथ खोला। दुकानदारों लोगों का कहना है कि ग्राहक खुलकर खर्च कर रहा है। दशहरा, करवाचौथ के बाद अब धनतेरस के बाजार पूरी तरह तैयार है। लोगों ने वाहन, जेवर और अन्य सामान की बुकिंग भी करवाई है। उधर पुलिस भी अलर्ट है। किसी भी तरह की घटनाओं से निपटने के लिए सिविल ड्रेस के अलावा वर्दी में अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती रहेगी। सेक्टरों में ग्राहकों की रौनक देखने को मिल रही है। दुकानदारों ने खरीदारी करने पर अलग-अलग गिफ्ट की स्कीम निकाली हैं।भगवान धनवंतरि के जन्मदिवस, धनतेरस पर जिले में खूब धन बरसा। जिले भर में लोगों ने जमकर खरीदारी की। धनतेरस के दिन लोगों ने दो पहिया से लेकर चार पहिया वाहन, बर्तन से लेकर टीवी, वाशिंग मशीन और सोने चांदी के आभूषण व सिक्कों आदि की भी खरीदारी की। शहर के सोने-चांदी, बर्तन, इलेक्ट्रानिक्स, कपड़ों के अलावा कपड़ों की दुकानों में जबरदस्त भीड़ रही। कल भी शुभ मुहूर्त पर लोग खरीददारी करेंगे। जिले भर में लगभग 100-110 करोड़ का व्यापार हुआ। सोने के दाम में उछाल के बाद भी बिजनेस अच्छा रहा। सराफा व्यापारियों ने बताया कि सबसे ज्यादा 10 हजार से लेकर 50 हजार रुपये तक के आभूषण की खरीदारी की गई ।

# गुडफेल में ग्रामवासियों ने आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर किया विरोध





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की आज तक कोई शिकायत नहीं पाई गई तो फिर भी विभाग ने अपने मनमर्जी से सेवा समाप्ति कर दिया, जिसके विरोध में समस्त ग्रामवासियों के द्वारा विरोध प्रदर्शन कर तुरंत जयंत्री टेकाम को पुनः सेवा में रखने की मांग की है। ग्रामवासियों की मांग को महिला बाल विकास कार्यालय से कोई सुनवाई नहीं आती है तो उग्र आंदोलन करने की बात ग्रामीणों ने कही है। ग्रामीणों ने महिला बाल विकास विभाग में जाकर अवगत कराया गया। तब महिला बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी ने ग्रामवासियों को आश्वस्त किया था कि पुनः जयंत्री टेकाम को एक साल मौका दिया जाएगा। गांव वालों को भरोसा दिलाया था, इस वजह से गांव के ग्रामीण उनकी बातों में आकर विश्वास किए थे। जब समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं का लिस्ट निकला उसमें भी गुड़फेल केंद्र क्रमांक एक का उस लिस्ट में नाम नहीं था। सुपरवाइजर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को कई बार प्रताड़ित करने की प्रयास भी किया है। इस बात को लेकर ग्राम पटेल पुनाराम बोगा ने कहा कि आज तक गांव वालों को कोई शिकायत नहीं है, लेकिन सुपरवाइजर ने अपने मनमर्जी से हटाकर हमारे गांव वालो के साथ अन्याय किया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हमेशा अपनी ड्यूटी जाती थी और बढ़िया ड्यूटी करती थी, लेकिन अचानक से हटाकर नया नियुक्ति कभी गांव वाले बर्दास्त नहीं करेंगे चाहे गांव वालो को न्यायालय की दरवाजा क्यों न लेना पड़े।

# राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, कृषि अधिकारियों को मिला प्रशिक्षण





**कांकेर।** रबी मौसम में जिले में तिलहनी फसलों को बढ़ावा देने के लिए तिलहनी फसलों के उन्नत उत्पादन तकनीक विषय पर कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन तिलहन अंतर्गत कृषि अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केन्द्र में दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बीरबल साहू द्वारा जिले में तिलहनी फसल उत्पादन की संभावनाएं एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए तिलहनी फसलों के आर्थिक लाभ एवं विभिन्न संसाधनों की लागत पर अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की गई। उप संचालक कृषि जितेन्द्र कोमरा द्वारा तिलहनी फसलों के उत्पादन हेतु शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं एवं विभिन्न नॉर्म्स की जानकारी प्रदान की गई। तत्पश्चात कृषि महाविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा जिले में ली जाने वाली तिलहनी फसल सरसों, अलसी एवं रामतिल के उत्पादन तकनीक, जल मांग, रोग एवं निदान, कीट नियंत्रण पर भी जानकारी दिया गया। केवीके में आयोजित प्रशिक्षण में जिले के कृषि विभाग के 40 अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची में आवश्यक संशोधन के लिए दी जानकारी



**दुर्गुकोंदल।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा प्रदेश के नागरिकों का मतदाता सूची में नाम पंजीयन, विलोपन, स्थानातंरण एवं प्रविष्टि में किसी भी प्रकार के आवश्यक संशोधन के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का वार्षिक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 29 अक्टूबर को विकासखंड दुर्गुकोंदल के समस्त मतदान केंद्रों में बूथ लेवल अधिकारी द्वारा सचिवों, ग्रामीणों व पर्यवेक्षको की उपस्थिति में जारी कर दिया गया है। मास्टर ट्रेनर व पर्यवेक्षक संजय वस्त्रकार ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 29 अक्टूबर को विकासखंड दुर्गुकोंदल के सभी मतदान केन्द्रों में निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया। इसी के साथ दावा-आपत्ति प्राप्त करने की कार्रवाई प्रारंभ हो गई। सभी नागरिक 28 नवम्बर तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। इस दौरान 9, 10, 16 व 17 नवम्बर को समस्त मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अवधि में प्राप्त सभी दावा-आपत्तियों का निराकरण पूर्ण कर 6 जनवरी को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। आयोग के निर्देशानुसार प्रारंभिक प्रकाशन 29 अक्टूबर एवं अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को सभी मतदान केन्द्रों की मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाए जाने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ द्वारा इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम में सभी नागरिकों से सहयोग एवं अधिक से अधिक ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की गई है।

# मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन, नाम जोड़ने, त्रुटि सुधार तथा विलोपन 28 नवंबर तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटोयुक्त मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के लिए जारी कार्यक्रम अनुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 79-अन्तागढ़ (अजजा), विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक - 80 भानुप्रतापपुर (अजजा), विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक -81 कांकेर (अजजा) अन्तर्गत सभी मतदान केन्द्रों में 29 अक्टूबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी पात्र मतदाता अपने क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारी अथवा मतदान केन्द्र में उपस्थित अभिहित अधिकारी के पास 28 नवंबर तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, त्रुटि सुधार करने तथा नाम विलोपन के लिए निर्धारित प्रपत्र में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त दावे-आपत्तियों की निराकरण पश्चात 6 जनवरी 2025 को फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

# कलेक्टर ने रविन्द्र के इलाज के लिए सौंपा चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- रेडक्रास सोसाइटी द्वारा आर्थिक सहायता राशि जारी



रेडक्रॉस सोसाइटी कांकेर के अध्यक्ष एवं कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर द्वारा विकासखण्ड नरहरपुर के ग्राम आंखीहर्रा निवासी अनिता कावड़े को उनके पुत्र के इलाज के लिए आर्थिक सहायता राशि जारी किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया ने बताया कि आवेदिका ने कलेक्टर के समक्ष अपने पुत्र के इलाज के लिए आर्थिक सहायता के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदिका ने बताया कि पुत्र रविन्द्र के बाएं पैर की हड्डी टूट गई है, जिस पर रॉड लगना है तथा अभी उसे शासकीय कोमलदेव अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ज्ञात हो कि इनके पिता का एक वर्ष पूर्व देहांत हो गया है। महिला की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है और वह दूसरों से उधार लेकर इलाज करा रही है, जिसके चलते उन्होंने आर्थिक सहायता प्रदाय करने अनुरोध किया था।

इस पर कलेक्टर ने सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए रविन्द्र के बेहतर इलाज के लिए रेडक्रॉस सोसाइटी के जिला संगठक को आर्थिक सहायता राशि जारी करने निर्देशित किया था। स्वीकृति पश्चात दस हजार रुपए की राशि जारी कर कलेक्टर ने चेक आवेदिका अनिता कावड़े की नंनद रामेश्वरी कावड़े को सौंपा।

# विधायक ने प्रशिक्षणार्थियों से की मुलाकात, बढ़ाया हौसला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण नरहरदेव मैदान में चलाया जा रहा है, जिसमें रक्षा क्षेत्र में जाने योग्य जिला के बालक बालिका निःशुल्क प्रशिक्षण ले रहे हैं। प्रशिक्षण में 120 बालिकाएं और 55 बालक रोज सुबह 6 बजे से 8 तक भाग ले रहे हैं। इस दौरान विधायक आशाराम नेताम नरहरदेव मैदान में पहुंचकर सभी बच्चों से हाल-चाल पूछा और हौसला बढ़ाया। मैदान जहां-जहां पर गड्ढा था वहां पर मुरूम डलवाकर समतल कराया और हाई मास्क लाइट कुछ ही दिन में लगवाने का आश्वासन दिया। विधायक के साथ पूर्व सैनिको में अध्यक्ष कौशल सिन्हा, टीके जैन, सोमेश यादव, संयोग साहू, अनूप जैन, द्वारिका निषाद, व्यास साहू, विमल कंवर, तोरण सहित अन्य उपस्थित रहे।

मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

जलने के बाद
पुन :निर्माण सर्जरी
(रिकंस्ट्रक्शन)



कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
श्रीनगर, गुलमर्ग, सुलमर्ग



4 रात व 5 दिन
Ex जम्मू
28 नवंबर से 02 दिसंबर 2024, 23 जनवरी से 27 जनवरी 2025
20 फरवरी से 24 फरवरी 2025, 13 मार्च से 17 मार्च 2025
10 अप्रैल से 14 अप्रैल 2025
राशिः-स्टैंडर्ड पैकेज 8500 (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411